उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No.: 1142 .... दिनांक/Date : 25.10.2021

संवाद–173

विषय:– दिनांक 31 अक्टूबर, 2021 को आयोजित कनिष्ठ सहायक व इंटरमीडिएट स्तरीय अन्य समान अर्हता वाले पदों की परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी किये जाने के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा **दिनांक 31 अक्टूबर, 2021** को **विभिन्न विभागों के कनिष्ठ सहायक व इंटरमीडिएट स्तरीय अन्य समान अर्हता वाले** रिक्त पदों पर भर्ती हेतु जारी विज्ञापन संख्या–25/उ0अ0से0च0आ0/2020 के क्रम में लिखित परीक्षा का आयोजन प्रदेश के समस्त 13 जनपदों में यथा **देहरादून में–38, हरिद्वार में–22, पौड़ी गढ़वाल में–08, टिहरी गढ़वाल में–04, रूद्रप्रयाग में–04, चमोली में–07, उत्तरकाशी में–06, हल्द्वानी(नैनीताल) में–23, अल्मोड़ा में–09, पिथौरागढ़ में–06, चम्पावत में–04, बागेश्वर में–02, एवं ऊधमसिंह नगर में–12 परीक्षा केन्द्रों** अर्थात कुल **145 परीक्षा केन्द्रों** पर दो पालियों (प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य) एवं (द्वितीय पाली अपरान्ह् 02:00 बजे से सांय 04:00 बजे के मध्य) के मध्य किया जा रहा है। उक्त भर्ती परीक्षा में 1,19,722 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है।

उक्त लिखित परीक्षा हेतु आयोग द्वारा 1,19,722 अभ्यर्थियों के प्रवेश पर जारी किये गये हैं। अभ्यर्थी आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या अत्यधिक होने के कारण आयोग द्वारा उक्त परीक्षा को 02 पालियों में आयोजित किया जा रहा है अतः अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र में अपनी पाली व समय को देखकर ही परीक्षा में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

162 ऐसे अभ्यर्थी जो दिनांक 31.10.2021 को लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड की परीक्षा दे रहे है। उनके केन्द्र परिवर्तन के अनुरोध को स्वीकार करते हुये उन्हें परीक्षा केन्द्र इस प्रकार आवंटित किये गये है कि वे दोंनों परीक्षाओं में भाग ले सके।

वर्तमान में प्रदेश में आपदा के उपरांत परिवहन संबंधी कठिनाइयां राज्य के कुछ क्षेत्रों में हो सकती हैं, अतः परीक्षा में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी अपनी यात्रा समयान्तर्गत व नियोजित कर लें। अपना परीक्षा केन्द्र भी परीक्षा से एक दिन पूर्व देख लें।

परीक्षा की शुचिता अत्यधिक महत्वपूर्ण है अतः कोई भी ऐसी सामग्री अपने साथ न लायें जो प्रतिबंधित की गयी है। इस विषय पर परीक्षा की शुचिता व प्रतिबंधित सामग्री के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर उपलब्ध हैं, कृपया उन्हें भी देख लें। परीक्षा में शुचिता बाधित होने पर या कोई अन्य अनुचित व्यवहार होने पर अभ्यर्थन तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

किसी भी जानकारी/प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में आ रही कठिनाई के संबंध में आयोग के टॉल फ्री नं0–9520991172 या व्हाट्सएप्प नं0–9520991174 या आयोग की **E.Mail–chayanayog@gmail.com** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

(संतोष बडोनी)
सचिव।